प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 29.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एनआईटी जमशेदपुर के 15 वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित, युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए किया प्रेरित, कल गुमला में अंतर्राज्यीय जन सांस्कृतिक समागम में भी लेंगी भाग।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा–जनजातीय भाषा और संस्कृति को पहचान और सम्मान दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध, राज्य में ओल चिकी लिपि से पढ़ाई का दिलाया भरोसा।
3. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ट्रिपल आइटी रांची के तीसरे दीक्षांत समारोह में लिया भाग, युवाओं को बताया विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर।
4. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में उतीर्ण करीब दो हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, समारोह को लेकर यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव।

   और
5. बोकारो में केन्द्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री ने दो दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय खेल–कूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ, जनजातीय बच्चों की प्रतिभा निखारने की जतायी प्रतिबद्धता।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज एनआइटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस दौरान सात सौ छात्र–छात्राओं को डिग्रियां प्रदान कीं गयीं। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्वारा दो प्रतिष्ठित हस्तियों–स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज और रवींद्र कुमार बेहरा को मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्रीमती मुर्मू ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता की सराहना की।

***************

एनआईटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुरक्षा प्रोटोकॉल छोड़कर आम जनता से मुलाकात की। सरायकेला–खरसांवा जिले के आकाशवाणी चौक पर जनसैलाब देख उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाई और बैरिकेडिंग के पास जाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

***************

इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमशेदपुर के करंडीह इलाके में दिशोम जाहेरथान में संथाली भाषा की ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति ने जाहेरथान में पारंपरिक पूजा–अर्चना की और ओल चिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मु की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। 22वें परसी महा संथाली सम्मेलन में अपनी मातृभाषा संथाली में राष्ट्रपति ने संविधान को ओल चिकी लिपि में संथाली भाषा में अनुवाद के प्रयासों की सराहना की।

***************

ओलचिकी शताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री  हेमंत सोरेन ने संताली भाषा और संस्कृति के संरक्षण की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने ओलचिकी लिपि में शिक्षा सुनिश्चित करने का वादा किया और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आदिवासी सशक्तीकरण प्रयासों की सराहना की।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन दिवसीय झारखंड दौरे के आखिरी दिन कल गुमला जायेंगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि वे मांझ टोली में आयोजित दो दिवसीय अंतरराज्यीय जनसांस्कृतिक समागम महोत्सव–कार्तिक जतरा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

इस कार्यक्रम में झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के लगभग एक हजार सांस्कृतिक दल हिस्सा ले रहे हैं।

***************

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी ग्रामीण– विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम के तहत अधिकांश राज्यों को पिछले सात वर्षों के औसत आवंटन की तुलना में 17 हजार करोड़ रुपये अधिक आवंटित होने की संभावना है। इस अधिनियम ने 20 साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 का स्थान लिया है।

***************

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान–ट्रिपल आईटी रांची का तीसरा दीक्षांत समारोह नामकुम स्थित जेयूटी सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने युवाओं को विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बताया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

***************

धनबाद पुलिस ने एसएनएमएमसीएच से बच्चा चोरी मामले का खुलासा करते हुए आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एसएसपी प्रभात कुमार के अनुसार, घटना में अस्पताल कर्मियों की भूमिका भी संदिग्ध है।

***************

गोड्डा जिले की 56 पंचायतों में 2 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से ज्ञान केंद्र खोले जा रहे हैं।

***************

राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्से शीतलहर की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने कल भी कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त की है।

***************

वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा बोकारो के मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में दो दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय खेल–कूद प्रतियोगिता 2025 आज से शुरु हो गया। इसका उद्‌घाटन केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने किया। इस अवसर पर सांसद ढुल्लू महतो भी मौजूद रहे। मंत्री ने कहा कि यह आयोजन जनजातीय बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए महत्वपूर्ण है और सेल भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

*******समाप्त********